सिंदूर ना मिटने देना मैया मेरे माथे का

सिंदूर ना मिटने देना मैया मेरे माथे का,
मेरे माथे का री मैया मेरे माथे का,
सिंदूर ना मिटने देना मैया मेरे माथे का....

मुझे रखना सदा सुहागन मैं कभी ना बनु अभागन,
ये रंग ना हटने देना मैया मेरे माथे का,
सिंदूर ना मिटने देना मैया मेरे माथे का....

सिंदूर में रखना लाली सजे बिंदी लाल निराली,
ना रंग पलटने देना मैया मेरे माथे का,
सिंदूर ना मिटने देना मैया मेरे माथे का...

मेरी मेहंदी कभी ना सूखे कोई करवा चौथ ना चुके,
ना तेज सिमटने देना मैया मेरे माथे का,
सिंदूर ना मिटने देना मैया मेरे माथे का...

ये कृपा हरदम करना मेरे गोद पुत्र से भरना,
ये नूर ना घटने देना मैया मेरे माथे का,
सिंदूर ना मिटने देना मैया मेरे माथे का....

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/26741/title/sindoor-na-mitne-dena-mayia-mere-mathe-ka

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |